Global Schools Program




# पाठ्यक्रम अवलोकन

## ग्रेड 11

स्रोत: रिमर्स, एफ। (2017)।साठ पाठों में दुनिया को बेहतर बनाने के लिए छात्रों को सशक्त बनाना. । क्रिएटस्पेस इंडिपेंडेंट पब्लिशिंग प्लेटफॉर्म।

कॉपीराइट:© 2017 फर्नांडो एम। रीमर्स। यह काम क्रिएटिव कॉमन्स एट्रिब्यूशन 4.0 इंटरनेशनल लाइसेंस के तहत लाइसेंस प्राप्त है। इस लाइसेंस की कॉपी देखने के लिए, https://creativecommons.org/licenses/by/4.0/ सर्वाधिकार सुरक्षित देखें।

सूचना:इसकी सभी सामग्री को ग्लोबल स्कूल प्रोग्राम से स्वतंत्र रूप से निर्मित और प्रकाशित किया गया था।

SUSTAINABLE DEVELOPMENT GOALS
17 GOALS TO TRANSFORM OUR WORLD

Global Schools Program

| कक्षा **11** | |
|---|---|
| अधिगम उद्देश्य<br>में छात्र जेंडर के विभिन्न पहलुओं के अध्ययन पर ध्यान देंगे : रूढ़ियाँ , जेंडर की रोज़मर्रा की ज़िंदगी में भूमिका और जेंडर का वैश्विक स्तर पर प्रभाव। फिर, छात्र सकारात्मक विचलन की अवधारणा के बारे में पढ़ेंगे और वे अपने जीवन सकारात्मक विचलन को पहचान कर और उसका समर्थन करके परिवर्तन को कैसे बढ़ावा दे सकते है। | |
| पाठ तालिका | |
| पाठ -1 | जेंडर और रूढ़ियाँ |
| पाठ -2 | रोज़मर्रा के जीवन में जेंडर (लिंग ) |
| पाठ -3 | वैश्विक संवाद |
| पाठ -4 | सकारात्मक विचलन पहचानना |
| पाठ -5 | परियोजना प्रस्तुति और प्रतिबिम्ब |
| सीखने के उद्देश | |
| • छात्र रूढ़ियों के बारे में जानेंगे और ये उनके लिए कैसे हानिकारक है उसका अवलोकन करेंगे।<br>• छात्र वैश्विक स्तर पर जेंडर के ऊपर वार्तालाप में भाग लेंगे।<br>• छात्र सकारात्मक विचलन और उसे स्वयं की ज़िंदगी में कैसे पहचानेंगे, उसके बारे में सीखेंगे। | |

**कक्षा - 11 पाठ 1**

जेंडर और सेक्स का परिचय: उनकी पहचान, जेंडर के अनुसार कार्य , जेंडर से जुड़ी रूढ़ियाँ और LGBTQ (यदि संदर्भ उपयुक्त हो )

प्रत्येक पाठ के लिए समय सीमा: 60 मिनट।
विषय: नागरिक शास्त्र, इतिहास, सामाजिक अध्ययन।
डिज़ाइनर: इसाबेल ब्यूसा, अरियाना पटटेक, एमिली पोप, सैम (शिव) शर्मा, तिशा वर्मा और डेवॉन विल्सन
मानक: SDG 5: लैंगिक समानता

सारांश और औचित्य: इस पाठ को जेंडर और सेक्स के बीच का अंतर, पहचान और लिंग से संबंधित रूढ़ियाँ को समझने के लिए डिज़ाइन किआ गया है। छात्र यूनेस्को की जेंडर की शब्दावली को पढ़ेंगे और वो अपने अनुभवों से जेंडर की भूमिकाओं का परीक्षण करेंगे। इसके बाद, वो कल्पना करेंगे कि उनके संदर्भ में जेंडर समानता क्या हो सकती है।

निर्देशात्मक लक्ष्य:

- व्यवस्थित तरीके से छात्रों में उच्च स्तरीय सोच के कौशल को बढ़ावा देना। छात्र जांच करेंगे कि दैनिक जीवन में इन अवधारणाओं को कैसे देखा जाता है और उन्हें समृद्ध करने या उन्हें प्रासंगिक बनाने के लिए इन परिभाषाओं से जोड़ा जाएगा ।

लक्ष्य को समझना: छात्र अपने जीवन के अनुभवों के माध्यम से जेंडर और सेक्स के बीच का अंतर को समझेंगे और जेंडर और सेक्स, लिंग समानता एवं लिंग न्याय समता के बीच के संबद्ध को समझेंगे।

आवश्यक प्रश्न:

- जेंडर और सेक्स में क्या अंतर है ?
- पुरुषत्व और स्त्रीत्व को कैसे परिभाषित करेंगे ?
- इन परिभाषाओं में क्या-क्या दोष हैं ?
- समता और समानता के बीच अंतर क्या है ?
- भविष्य का पथ क्या होगा ?

छात्रों के सीखने के उद्देश्य (छात्र समर्थ होंगे):

- छात्र, जेंडर, सेक्स और जेंडर समानता, जेंडर समता के अंतर को समझेंगे और इस विषय पर बात करने के लिए शब्दावली सीखेंगे ।
- छात्र अपने अनुभवों और अवधारणा के बीच में सम्बन्ध स्थापित करेंगे ।

मूल्यांकन: छात्र सीखने के उद्देश्यों में ऊपर शामिल विषयों के आधार पर कक्षा और छोटे समूह की चर्चा में भाग ले सकेंगे।

गतिविधियों  का अनुक्रम:

- छात्र यूनेस्को मेंनस्ट्रीम  इम्प्लीमेन्टेशन फ्रेम वर्क से जेंडर की  उचित परिभाषा गृह कार्य के रूप में पढ़ेंगे।
- कक्षा की शुरुवात Chimamanda Ngozi Adichie के टेड टॉक "वी शुड आल बी फेमिनिस्ट" से होगी।
- वीडियो पर चर्चा करें और चर्चा के दौरान यूनेस्को की परिभाषाओं का प्रयोग करें।
- उसके बाद छात्रों कैसे अपनी ज़िंदगी में जेंडर और जेंडर की भूमिका को दैनिक जीवन में देखते है और उनके संदर्भ में जेंडर समानता कैसे होगी के बारे लिखेंगे और विचार करेंगे।
- छात्र छोटे समूह बना के अपने विचार पर बातचीत करेंगे और फिर जेंडर की भूमिकाओं पर वो चित्र बनाएँगे और जेंडर समानता के लिए एक नए रास्ता का सुझाव देंगे।
- शिक्षक इस विषय पर पूरी कक्षा के साथ व्यापक चर्चा को  सुविधाजनक बनाएँगे।

शिक्षकों के लिए संसाधन:

- https://unesdoc.unesco.org/ark:/48223/pf0000131854
- (वीडियो) "हम सभी को नारीवादी होना चाहिए" टेड टॉक चिमामांडानोजी अदिची द्वारा: https://www.youtube.com/watch?v=hg3umXU_qWc
- जहां से मैं खड़ा हूं - एक लैंगिक समानता परियोजना: http://cdn.worldslargestlesson.globalgoals.org/2016/07/Final-Gender-Equality-Lesson-Plan-1.pdf

**कक्षा 11 पाठ 2**
"समुदाय आधारित अनुसंधान - मेरे समुदाय में जेंडर गतिशीलता"

**प्रत्येक पाठ के लिए समय सीमा:** 60 मिनट।
**विषय:** नागरिक शास्त्र, इतिहास, सामाजिक अध्ययन।
**डिज़ाइनर:** इसाबेल ब्यूसा, अरियाना पटटेक, एमिली पोप, सैम (शिव) शर्मा, तिशा वर्मा और डेवॉन विल्सन
**मानक:** एसडीजी 5: लैंगिक समानता

**सारांश और औचित्य:** छात्रों को जेंडर गतिशीलता से उनका सम्बन्ध और वो उनके समाज में कैसे भूमिका निभाता है, इसे समझने के लिए प्रोत्साहित करें।

**निर्देशात्मक लक्ष्य:** छात्रों को जेंडर गतिशीलता और जेंडर भूमिका के ऊपर समुदाय आधारित अनुसंधान के लिए साधन उपलब्ध कराए।

**लक्ष्य को समझना:** जेंडर से संबंधित मुद्दे रोज़मर्रा की ज़िंदगी को कैसे प्रभावित करते है

**आवश्यक प्रश्न:**
- क्या आपके समुदाय में नौकरियां जेंडर के अनुसार विभाजित हैं ?
- क्या महिलाएं भी पुरुषों के समान एक जैसी गतिविधियों में भाग ले सकती हैं ?
- क्या आपके परिवार में जेंडर के आधार पर अलग-अलग भूमिकाएँ हैं ?

**छात्रों के सीखने के उद्देश्य (छात्र समर्थ होंगे):** अपने समाज में जेंडर की बनावट को समझने के लिए अनुसंधान करेंगे।

**मूल्यांकन:** अपने समाज की जेंडर प्रोफाइल बनाये जिसमे नौकरियों और उनमे काम करने वाले महिलाओं और पुरुषों की संख्या को लिखे।

**गतिविधियों की अनुक्रम:**

- **कक्षा के पहले (15 मिनट):**
    - एम्मा वाटसन का HeForShe कैंपेन (वीडियो) चलाएं - https://www.youtube.com/watch?v=gkjW9PZBRfk ( पाठ के समयानुसार पूरी वीडियो या उसकी क्लिप्स देखि जा सकती है )
    - छात्रों को जोड़े में इस वीडियो में क्या करने को कहा जा रहा है और वो क्यों जरुरी है उसपर चर्चा करने को कहें। (2 mins)
    - अध्यापक चर्चा और छात्रों के विचारों का संचालन करेगा और खुद की ज़िम्मेदारी और सामाजिक एकता और कार्य की महत्ता का परिचय कराएगा। (3 mins)

- अनुसंधान की तैयारी के लिए क्रियाकलाप **(20 mins):** सामाजिक रिसर्च के बारे में कक्षा में चर्चा करें। समाज के बारे में पता लगाने के लिए एक प्रश्नो की लिस्ट तैयार करें। उदाहरण के लिए - जिनके अपने बिजनेस है उन्हें ज्यादा औरतें या आदमी है ? क्या आपके समाज में कोई ऐसा है जो इन जेंडर से संबंधित रुढ़ियॉ को ख़ारिज करता है ? अगर है तो वो ये कैसे करता है ? उनसे उनके अनुभवों के बारे में बात करें। उसके बाद , महिलाओं और पुरुषो से ये पूछें कि उन्हें उनकी नौकरी कैसे मिली ? ( क्या उन्होंने इसे खुद चुना ? या वे इसे इसीलिए करते है क्योकि उनके माता या पिता इसे करते थे ? आदि . ) ( छात्र अपने परिवार के बारें में क्या जानना चाहते है ? उन्हें अपने अभिभावको से उनके परिवार में उनकी भूमिका के बारे में बात करने को किये )

- छोटे समूहों के कार्य **(15 min):** उनके समाज की जेंडर के अनुसार प्रो फाइल छोटे समूहों में बनाये। छोटे समूहों में रिसर्च के सवालों की लिस्ट और रिसर्च प्लान बनाये। ( हम पहले कहाँ जायेंगे ? हम किससे बात करेंगे )

- निष्कर्ष **(10 min ):** छात्रों ने छोटे समूहों में क्या बनाया, उन्हें बताने को कहे।

छात्रों के लिए संसाधन**:**

- HeForShe https://www.youtube.com/watch?v=gkjW9PZBRfk
- International Labor Organization Framework for Gender Analysis and Planning: http://tiny.cc/G11L2R2

कक्षा **11** पाठ **3**
"सबको एकत्रित करना - अंतिम उत्पाद"

प्रत्येक पाठ के लिए समय सीमा**:** 60 मिनट।
विषय**:** नागरिक शास्त्र, इतिहास, सामाजिक अध्ययन।
डिज़ाइनर**:** इसाबेल ब्यूसा, अरियाना पटटेक, एमिली पोप, सैम (शिव) शर्मा, तिशा वर्मा और डेवॉन विल्सन
मानक**:** एसडीजी 5: लैंगिक समानता

सारांश और औचित्य**:** छात्रों को जेंडर के बारे मे वैश्विक स्तर की बातचीत में लगाए  और उन्हें अपने समाज के बाहर चीज़ों के बारे में अवगत कराए।

निर्देशात्मक लक्ष्य**:** छात्रों को जेंडर के बारे में शब्दावली सीखने और वैश्विक स्तर पर जेंडर के बारे में बात करने का अवसर दें।

लक्ष्य को समझना**:** महिलाओं और जेंडर अल्पसंख्यक का वैश्विक स्तर पर स्थिति।

आवश्यक प्रश्न**:** दुनिया भर में महिलाओं की स्थिति क्या है?

छात्रों  के  सीखने के उद्देश्य **(**छात्र समर्थ होंगे**):**
- उन्हें वैश्विक स्तर पर महिलाओं की स्थिति परिचय करने के लिए।
- विभिन्न संदर्भों में लैंगिक असमानता का विश्लेषण करने के लिए।

मूल्यांकन**:** कक्षा और छोटे समूह की चर्चा में भागीदारी।

गतिविधियों की अनुक्रम**:**

- छात्रों को दुनिया भर में एक क्षेत्र सौंपा गया : स्कैंडिनेविया, यूरोप, उत्तरी अमेरिका, लैटिन अमेरिका, उत्तरी अफ्रीका और मध्य पूर्व, दक्षिण एशिया, दक्षिण पूर्व एशिया, पूर्वी एशिया, उप-सहारा अफ्रीका, आदि।
- और उन्हें एक पहचान सौंपी गयी : महिला, पुरुष, लेस्बियन / गे, ट्रांसजेंडर, आदि। छात्र उन तीनो समूहों के शैक्षिक  कैरियर, और सामाजिक स्वतंत्रता के स्तर पर शोध करेंगे।
- छात्र एक रिपोर्ट संकलित करेंगे और उसे कक्षा में प्रस्तुत करेंगे।
- छात्र अपने विचारों पर चर्चा करेंगे। उन्हें क्या मिला जो आश्चर्यजनक था? इसने लैंगिक असमानता के बारे में उनके विचार को कैसे बदल दिया?

**कक्षा - 11 पाठ- 4**
समानता, रूढ़िवादिता और समलेंगीक अधिकारों के सकारात्मक विचलन

प्रत्येक पाठ के लिए समय सीमा: 60 मिनट।
विषय: इतिहास, सामाजिक विज्ञान, नागरिक शास्त्र
डिज़ाइनर: इसाबेल ब्यूसा, अरियान्ना पटटेक, एमिली पोप, सेम(शिव) शर्मा, तिशा वर्मा और डेवॉन विल्सन
मानक: SDG 5: जेंडर समानता

सारांश और औचित्य: छात्रो से कहा जाएगा की उनके द्वारा जेंडर भूमिकाएँ, जेंडर रूढ़िवादिता यां जेंडर अधिकारों मे से किसी एक विषय पर गहन आध्यान किया जाना है। इस प्रक्रिया के माध्यम से छात्र अपने शोध, लेखन व सम्पादन कौशल के विकास के लिए प्रोत्साहित होंगे।

शिक्षाप्रद लक्ष्य: जेंडर गतिशीलता व लेंगीक भूमिकाओं के विषय मे सामुदायिक अनुसंधान करने हेतु छात्रों को प्रशिक्षित करना।

समझ का लक्ष्य: वैश्विक रूप से बिभिन्न दृष्टिकोण से किस प्रकार लोग जेंडर समानता विकसित करने के लियी कार्यरत है।

आवश्यक प्रश्न
- रोज़मर्रा के जीवन मे जेंडर भूमिकाएँ और जेंडर रूढ़िवादिता किस प्रकार से अपनी भूमिकाएँ तय करती है।
- जेंडर समानता और समता क्या है ?
- व्यक्तिगत रूप से इन मुद्दो को कैसे संबोधित किया जा सकता है।

छात्रो के सीखने हेतु लक्ष्य: जेंडर समानता के विषय मे शोध व लेखन का कार्य करने मे सक्षम होना।

मूल्यांकन: छात्रो द्वारा लिखा गया अंतिम दस्तावेज़ – मूल्यांकन कक्षा के बाहर भी किया जा सकता है।

गतिविधियों का क्रम

- छात्रों को शुरुवाती तीन पाठ्यक्रमों मे से जेंडर समानता के विषय मे उन मुद्दों पर प्रतिक्रिया देनी है जिन्होंने उन्हे सबसे ज्यादा अचंभित किया।
- इसके उपरांत, छात्रों को चुनौती दी जाएगी
  - अ)- समस्या और उसके सूत्रों के विषय मे अधिक शोध करने के लिए निर्देशित किया जाएगा
  - आ)- व्यक्तियों यां परियोजनाएँ जो पहले से इस समस्या के समाधान की दिशा मे काम कर रहे है उनपर गहन ध्यान व शोध करना। (स्थानीय या अंतर्राष्ट्रीय
- शुरुवाती अनुसंधान के बाद छात्र चुने हुए व्यक्ति या परियोजना के विषय मे लेखन का कार्य शुरू कर सकते हैं और अपने दस्तावेज़ को ब्लॉग पर प्रकाशित भी कर सकते है। (इस अवसर को जेंडर समानता के विषय मे एक कक्षा ब्लॉग, यां विशिष्ट ब्लॉग के स्रजन के लिए भी इस्तेमाल किया जा सकता है) वैकल्पिक रूप से, यदि छात्रों को इस मुद्दे पर शोध के दौरान बहुत प्रासंगिक यां उपयोगी जानकारी नहीं मिल रही तो वे इस पूरी परियोजना के विपक्ष मे एक प्रस्तावना भी बना सकते है। ( कक्षा के बाहर)

- कार्यक्रम के अंत मे, छात्रों से कहा जाएगा की वे अपने द्वारा किए गए विषय पर शोध व अनुसंधान के बाद इस प्रकार से एक बयान दे “मे इस विषय मे इस प्रकार से सोचा करता था__________, और अब मे एसे सोचता हूँ_______” प्रतिफल गतिविधि। इन संसाधनों के विषय मे अधिक जानकारी नीचे दिये गए अध्यापक के लिए संसाधन खंड मे दी गयी है। (कक्षा के बाहर का समय)

शिक्षकों के लिए संसाधन

- द्रश्यमान सोच का ढाँचा- परियोजना शून्य: https://pz.harvard.edu/thinking-routines

कक्षा **11** पाठ **5**
"कैपस्टोन एक्शन प्रोजेक्ट - एक जेंडर विहीन समुदाय में योगदान"

प्रत्येक पाठ के लिए समय सीमा**:** 60 मिनट।
विषय**:** नागरिक शास्त्र, इतिहास, सामाजिक अध्ययन।
डिज़ाइनर**:** इसाबेल ब्यूसा, अरियाना पटटेक, एमिली पोप, सैम (शिव) शर्मा, तिशा वर्मा और डेवॉन विल्सन
मानक**:** एसडीजी 5: लैंगिक समानता

सारांश और औचित्य**:** छात्रों को साहस पूर्वक एक जेंडर विहीन दुनिया सोचने के लिए तैयार करें, एक ऐसी दुनिया जिसमें आपका जेंडर तय नहीं करता कि आप क्या कर सकते हैं और जीवन में क्या प्राप्त करेंगे।

निर्देशात्मक लक्ष्य**:** छात्रों को जेंडर न्यायसंगतता के मुद्दों पर स्वतंत्र रूप से खोज और कार्य करने के लिए साधन प्रदान करें।

लक्ष्य को समझना**:** हम सभी को विश्व को एक जेंडर विहीन बनाने की दिशा में प्रयास करना चाहिए।

आवश्यक प्रश्न**:**
- हम साहसपूर्वक एक जेंडर विहीन समाज का सपना क्यों नहीं देख सकते हैं ?
- हम क्यों अपने लिंग को यह निर्धारित करने दे रहे हैं कि हम क्या कर सकते हैं और क्या नहीं कर सकते, एवं जीवन में क्या प्राप्त करें ?

छात्रों के सीखने के उद्देश्य (छात्र समर्थ होंगे)**:** जेंडर ढांचे को समझने के हेतु शोध करने के लिए और उस शोध के अनुसार कार्य करने हेतु दक्षता विकसित करने के लिए।

मूल्यांकन**:** प्रस्तुत किया हुआ अन्तिम शोध प्रोजेक्ट।

गतिविधियों की अनुक्रम

- जेंडर विहीन समाज और पाठ ४ से प्राप्त खोज पर चर्चा को जारी रखें।
- पाठ ४ के रिसर्च खोज के अनुसार छात्रों को एक एक्शन प्लान बनाने की चुनौती दीजिये जिससे समाज में समानता बढ़े. (बचे हुए कक्षा के समय में )
- छात्र जेंडर समता और प्रस्तावित कार्य योजनाओं पर विभिन्न बिंदुओं को समझने के लिए व्यक्तिगत साक्षात्कार का आयोजन कर सकते हैं ( वैकल्पिक - कक्षा के बाहर )
- छात्र अपनी योजना के लघु और दीर्घकालिक परिणाम पर और जेंडर समानता और जेंडर विहीन समाज कैसे होगा पर विचार करें (परियोजना पूरी होने के 10 मिनट बाद)

छात्रों के लिए संसाधन
- छात्र अपना स्वतंत्र शोध करते हैं।

शिक्षकों के लिए संसाधन
- छात्रों के शोध की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए छात्रों को विभिन्न संसाधनों की तरफ मार्गदर्शित करें।